न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौडगढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या– 123/2019 निर्णय दिनांक –24.06.2019

1. धनपत सिंह पिता शोभाग सिंह जाति महाजन आयु वयस्क निवासी धाकड छात्रावास के पास, निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज0।
2. छलपत सिंह पिता शोभाग सिंह जाति महाजन आयु वयस्क निवासी धाकड छात्रावास के पास, निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज0।

– प्रार्थी

//बनाम//

1. रामेश्वरलाल पिता उंकार जाति वैष्णव आयु वयस्क निवासी धाकड छात्रावास के पास ,निम्बाहेडा तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज0 ।
2. राजेन्द्र पिता प्रेमनारायण गुप्ता आयु वयस्क निवासी सिटी सेन्टर के पीछे निम्बाहेडा तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज0 ।
3. गोपाल पिता जगदीश भट्ट आयु 30 साल निवासी भट्टो का कुआ, निम्बाहेडा तह0 निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज0 ।
4. तहसीलदार साहब , निम्बाहेडा राज0 ।

– विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र तहत धारा 128 रा0 ले0रे0एक्ट

आदेश

पत्रावली प्रस्तुत हुई।प्रार्थी ने अपने खातेदारी की आराजीयात वाके मौजा निम्बाहेडा पटवार हल्का निम्बाहेडा ए भू–अभिलेख निरीक्षण क्षेत्र निम्बाहेडा तह0 निम्बाहेडा की खाता संख्या 315 की आराजी नं0 1829 रकबा 0.5100 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का निवेदन किया है। विपक्षी प्रार्थी की भूमि के पडोसी हैं। प्रार्थी राजस्व रेकार्ड में प्रश्नगत भूमि का खातेदार काश्तकार है जिसे अपनी खातेदारी आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराने का कानूनन अधिकार प्राप्त है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार निम्बाहेडा को 200/– रूपये फीस पर कमिश्नर नियुक्त कर आदेश दिया जाता है कि उभय पक्ष को सूचना देते हुए, मौके पर कोई विवाद नहीं होने की स्थिति में, किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं होने पर प्रार्थी की खातेदारी कि वाके मौजा निम्बाहेडा पटवार हल्का निम्बाहेडा ए भू–अभिलेख निरीक्षण क्षेत्र निम्बाहेडा तह0 निम्बाहेडा की खाता संख्या 315 की आराजी नं0 1829 रकबा 0.5100 हैक्टेयर भूमि की किसी भी पक्ष के कब्जे में दखल दिये बगैर पत्थरगढ़ी करे। पत्थरगढ़ी किये जाने की पालना 15 दिवस में पेश करें।

आज दिनांक 24.06.2019 को सरे इजलास सुनाया गया।

(पंकज शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
निम्बाहेड़ा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Sharma
Date: 2020.02.20 16:54:15 IST
Reason: SelfAttested